आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

● वर्ष- 16 अंक 150 ● कटनी ● शनिवार, 2 जुलाई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-3 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज़ चैनल

DIGIANA NEWS 91

hathway 598

UCN NEWS 81




## नगरीय निकाय चुनाव में घमासान

## प्रत्याशियों पर मतदाता की पैनी नजर

**भोपाल यशभारत।** नगर निगम चुनाव के रण में महापौर से लेकर पार्षद उम्मीदवार मतदाताओं को लुभाने में जुटे हैं। सब अपने-अपने तरीके से वादे कर मतदाताओं का भरोसा जीतने की जी जान से मेहनत कर रहे हैं। लेकिन इस बार का चुनाव थोड़ा हटकर है, वोटर की प्रत्याशियों पर पैनी नजर। ऐन मौके पर वोटर किस तरफ करवट लेता है ये कहा नहीं जा सकता है। इधर मतदान की तारीख नजदीक आती जा रही है जिन नगर पालिकाओं में 6 जुलाई को चुनाव है वहां 4 जुलाई से प्रचार बंद हो जाएगा। इस चुनाव में पार्टी के अपने-अपने सिम्बॉल है यह चुनाव सीधे जनता और विकास से जुडे हैं ऐसी परिस्थिति में पार्टी के साथ-साथ प्रत्याशी की कार्यप्रणाली पर गहरी नजर वोटर जमाए है।

### नेता जी झुमले कितना काम करेंगे वक्त बताएगा

पार्टियों के अंदरखानों में एक चर्चा जोरों पर है कहा रहा है कि इस बार नेताजी के झुमले कितने काम आएगा यह तो वक्त बताएगा। सभी के पार्टियों के शीर्ष नेताओं ने विकास को लेकर मतदाताओं से वोट मांगी है, सभी का अपना-अपना तर्क है। हालांकि वोटर माननीयों की बातों में कितने आए हैं यह मतगणना वाले दिन ही पता चलेगा।

## स्पॉइट जेट में हादसा टला

# फ्लाईट के भीतर धुआं यात्री हलाकान

## 5,000 फीट की ऊंचाई पर मची चीख पुकार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जबलपुर लिए उड़ान भर रही स्पाइसजेट का एक फ्लाइट बड़े हादसे का शिकार होने से बच गई। चालक दल ने केबिन में धुआं देखा। इसके बाद फ्लाइट की आपात लैंडिंग करानी पड़ी। दिल्ली-जबलपुर स्पाइसजेट विमान (स्त्र-2962) को शनिवार सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर वापस लौटना पड़ा। केबिन क्रू ने विमान के अंदर धुआं देखा। इस समय विमान 5,000 फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा था। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा कि सभी यात्रियों को दिल्ली हवाईअड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया है। स्पाइस जेट की फ्लाइट में तकरीबन 60 से 70 यात्रियों को लेकर जैसे ही विमान जबलपुर के लिए उड़ा तभी कुछ मिनिट बाद विमान में चिंगारी उठी और प्लेन के भीतर धुँआ-धुँआ हो गया। ए.सी बन्द हो जाने से यात्री परेशान हो गए थे। यात्री घबरा गए उनमें चीख-पुकार मच गई। इमरजेंसी लैंडिंग के बाद में विमान को खाली कराया गया। सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं।इस घटना के बाद स्पाइसजेट की तरफ से बयान जारी किया गया। उसमें प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग और मुसाफिर के सुरक्षित होने की बात तो कही गई, लेकिन हादसे की वजह नहीं बताई गई है। हालांकि, दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी ने जांच की बात कही है। समाचार एजेंसी ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें दिखाया गया है कि केबिन में धुआं दिखते ही यात्री अखबारों और एयरलाइन बुकलेट से खुद को पंखा कर रहे थे। स्पाइसजेट में पिछले कुछ समय से एक के बाद एक घटनाएं सामने आई है। इससे यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल उठने लगी है। 19 जून को दिल्ली जाने वाली स्पाइसजेट की एक फ्लाइट को एक पक्षी की चपेट में आने के बाद पटना हवाई अड्डे पर लौटना पड़ा। एक सोशल मीडिया यूजर सौरभ छाबड़ा जो फ्लाइट में एक यात्री थे ,ने बताया, आज सुबह इस घटना का सामना करना पड़ा। ऐसा लगता है कि स्पाइसजेट असुरक्षित है। एक बार यात्री घबराने लगे, तो वे वापस दिल्ली लौट आए। विमान में आग लग गई। शुक्र है कि हम सुरक्षित हैं, लेकिन लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। उनके पास बैकअप नहीं है। यह विमान दिल्ली से सुबह 6:15 पर उड़कर सुबह 8:30 बजे जबलपुर पहुंचता है।जानकारी के मुताबिक जैसे ही विमान में धुआं भरा तो यात्री घबरा गए उनमें चीख-पुकार मच गई। विमान उड़ा रहे पायलट ने भी स्थिति को भाप लिया और फिर प्लेन में सवार यात्रियों को लेकर वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर सकुशल इमरजेंसी लैंडिंग प्लेन की करवाई गई।





### जबलपुर आ रहे विमान की दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

## नुपूर शर्मा की बढ़ी मुश्किलें

### 9 राज्यों में दर्ज है उनके खिलाफ मामला, हर अदालत में देनी होगी हाजिरी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने नूपुर शर्मा की पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी के लिए विभिन्न राज्यों में दर्ज प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और सख्त टिप्पणी की। इसके बाद नूपुर शर्मा ने अदालत से अपनी अर्जी वापस ले ली है। लेकिन इसके साथ ही नूपुर शर्मा की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। विवादित बयान को लेकर नूपुर शर्मा के खिलाफ 9 ज्यादा राज्यों की अदालतों में मामले दर्ज हैं। नुपुर शर्मा के खिलाफ दिल्ली, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, असम, तेलंगाना, कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में धार्मिक भावनाएं भड़काने का मुकदमा दर्ज है। अब उन्हें इन राज्यों में मुकदमे का सामना करना पड़ेगा और बुलाने पर कोर्ट में पेश होना पड़ेगा। विभिन्न राज्यों में दर्ज मामलों को एक स्थान पर सुनवाई के लिए ट्रांसफर करने का अधिकार सिर्फ सुप्रीम कोर्ट को है। सिर्फ एकमात्र सुप्रीम कोर्ट ही सभी मुकदमों को एक साथ क्लब करके एकसाथ दिल्ली या किसी अन्य राज्य स्थानांतरित करके सुनवाई किये जाने का आदेश दे सकता था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के इंकार के बाद नूपुर शर्मा के पास कोई चारा नहीं बचा है। उन्हें हर शहर में दर्ज मुकदमे की कार्रवाई का अलग-अलग सामना करना पड़ेगा। इन सभी राज्यों में अलग-अलग जांच चलेगी और उसकी प्रक्रिया में नूपुर को सहयोग करना पड़ेगा।पुलिस ने नूपुर शर्मा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153(ए), धारा 504, धारा 505(2), धारा 506 के तहत मामला दर्ज किया है। नूपुर शर्मा के वकील ने दलील दी थी कि बयान एक ही जगह दिया गया है, लेकिन एफआईआर कई जगह दर्ज हो गई हैं। उनके जान पर खतरे को देखते हुए हम सिर्फ ये चाहते हैं कि सुनवाई एक ही जगह हो। मगर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में ये भी कहा कि उनकी बयानबाजी की वजह से देश भर में आग लग गई है और उदयपुर जैसा दुखद मामला सामने आया है।




# अमरावती में दवा व्यापारी की हत्या

**मुंबई,एजेंसी।** उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की हत्या से ठीक एक हफ्ता पहले महाराष्ट्र के अमरावती जिले में 54 वर्षीय केमिस्ट उमेश प्रहलादराव कोल्हे की 21 जून को हत्या कर दी गई थी। इस मामले की जांच कर रही टीम का अब मानना है कि कोल्हे को कथित तौर पर बीजेपी की नूपुर शर्मा का समर्थन करने वाली सोशल मीडिया पोस्ट के बदले में मारा गया था। उमेश कोल्हे के बेटे संकेत कोल्हे की शिकायत के बाद अमरावती में सिटी कोतवाली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। 23 जून को दो व्यक्तियों मुद्दसिर अहमद और 25 वर्षीय शाहरुख पठान को गिरफ्तार किया गया। उनसे पूछताछ में चार और लोगों की संलिप्तता का पता चला। उनमें से तीन अब्दुल तौफिक (24), शोएब खान (22) और अतिब राशिद को 25 जून को गिरफ्तार किया गया था। एक शमीम अहमद फिरोज अहमद अभी भी फरार है। घटना 21 जून को रात 10 बजे से 10.30 बजे के बीच हुई जब उमेश अपनी दुकान अमित मेडिकल स्टोरज बंद करके घर जा रहे थे। संकेत अपनी पत्नी वैष्णवी के साथ दूसरे स्कूटर पर सवार थे। संकेत ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया, ‘हम प्रभात चौक से जा रहे थे और हमारे स्कूटर महिला कॉलेज न्यू हाई स्कूल के गेट पर पहुंच गए थे। मोटरसाइकिल पर सवार दो आदमी अचानक मेरे पिता की स्कूटी के सामने आ गए। उन्होंने मेरे पिता की बाइक रोक दी और उनमें से एक ने उनकी गर्दन के बाईं ओर चाकू से वार कर दिया। मेरे पिता गिर गए और खून बह रहा था। मैंने अपना स्कूटर रोका और मदद के लिए चिल्लाने लगा। एक अन्य व्यक्ति आया और तीनों मोटरसाइकिल पर मौके से फरार हो गए।ज्ज आसपास के लोगों की मदद से कोल्हे को पास के एक्सन अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अमरावती शहर पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ‘अब तक गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों ने हमें बताया है कि उन्होंने एक अन्य आरोपी की मदद मांगी, जिसने उन्हें एक कार और भागने के लिए 10,000 रुपये मुहैया कराए। अधिकारी ने कहा कि फरार आरोपियों में से एक ने हत्या के लिए अन्य पांच को जिम्मा सौंपा था। उसने उनमें से दो को कोल्हे पर नजर रखने और मेडिकल स्टोर से बाहर निकलने पर अन्य तीन को सतर्क करने के लिए कहा था। अन्य तीनों ने कोल्हे को रोका और उसके साथ मारपीट की। साकेत की शिकायत के बाद सिटी कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। सूत्रों के हवाले से बताया, जांच के दौरान हमें पता चला कि कोल्हे ने व्हाट्सएप पर नूपुर शर्मा का समर्थन करते हुए एक पोस्ट किया किया था। गलती से उसने मुस्लिम सदस्यों वाले एक समूह पर भी यह पोस्ट कर दिया, जो उसके ग्राहक भी थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक ने कहा कि यह पैगंबर का अपमान है और इसलिए उन्हें मरना चाहिए।





### कन्हैया हत्याकांड में 5 आतंकी शामिल थे

उदयपुर एजेंसी। उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल की बर्बर हत्या के मामले में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस को जांच में पता चला है कि इस हत्याकांड में मोहम्मद रियाज और गौस मोहम्मद के अलावा उनके तीन और साथी शामिल थे। इनमें से मोहसिन खान (25 साल) और आसिफ हुसैन (24 साल) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरे की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक, मोहसिन और आसिफ अलग-अलग बाइक पर रियाज और गौस को मालदास स्ट्रीट लेकर पहुंचे थे। दोनों ने रियाज और गौस को कन्हैयालाल की टेलरिंग शॉप से महज 70 मीटर दूर गली के कोने (हाथीपोल-मोती चौहट्टा मुख्य मार्ग) पर उतारा था। दोनों यही बाइक स्टार्ट करके खड़े थे और करीब से नजर रख रहे थे। हमले के दौरान अगर कोई रियाज और गौस को पकड़ता या शटर गिराता तो ये दोनों उन्हें बचाने या छुड़ाने के लिए तलवार और खंजरों से हमला करने को तैयार थे। इन खुलासों के बाद SIT-NIA कड़ी से कड़ी जोड़ने में जुट गई है। कन्हैयालाल की रैकी करने वाले 7 अन्य संदिग्धों से पूछताछ चल रही है, जिनमें 3 चित्तौड़गढ़के हैं।

## नुपुर शर्मा पर संघ का बड़ा बयान

### उदयपुर की हत्या उकसावे में नहीं, बल्कि तालिबानी सोच का नतीजा

**जयपुर,एजेंसी।** पैगंबर मोहम्मद पर दिए बयान को लकेर सुप्रीम कोर्ट ने निलंबित भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि देश में जो कुछ हो रहा है, उसकी नुपुर शर्मा जिम्मेदार हैं। इधर राष्ट्रीय स्वंयस्वक संघ ने उदयपुर हत्याकांड को तालिबानी घटनाज बताया है। आरएसएस ने कहा कि यह घटना उकसावे पर की गई प्रतिक्रिया नहीं थी बल्कि एक खास मानसिकता और मान्यता का परिणाम थी।आरएसएस के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि उदयपुर में जो हुआ, वह दुनियाभर में बिना किसी उकसावे के हो रहा है। कहीं हमास, इस्लामिक स्टेट, तालिबान है। हमारे देश में सिमी और पीएफआई है। यह उकसावे के कारण नहीं हुआ है। अगर यह कोई मानता है कि ये उकसावे के कारण हुआ है, उसे और अधिक पढ़ने की जरूरत है।





## हैदराबाद में आज भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

**हैदराबाद,एजेंसी।** भाजपा की आज से दो दिन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शुरू हो रही है। यह बैठक हैदराबाद में शाम 3 बजे से शुरू होगी। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित सभी शीर्ष नेता शामिल होंगे। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शुक्रवार को हैदराबाद में पार्टी महासचिवों के साथ बैठक की।तेलगांना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (च्ष्टक्र) और ्रढ्ढरूढ्ढरू चीफ असदुद्दीन ओवैसी के गढ़ में होने वाली भाजपा की यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि आगामी लोकसभा के मद्देनजर भाजपा दक्षिण फतेह करने की तैयारी में है। दरअसल, दक्षिण के 5 राज्यों में 100 से ज्यादा लोकसभा सीटें हैं। भाजपा की इन्हीं सीटों पर ही नजर है। **( फाइल फोटो )**

## ईरान में 6.0 तीव्रता के भूकंप के झटके

### तीन लोगों की मौत और 19 घायल

**तेहरान,एजेंसी।** ईरान में शनिवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। दक्षिणी इलाके में एक गांव में इमारत धराशायी हो गई, जिसकी चेपट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई और 19 घायल हैं। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। ऐसे में मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी की आशंका है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने कहा कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.0 मापी गई। भूकंप का केंद्र होर्मोजगन प्रांत के बंदरगाह शहर से दक्षिण-पश्चिम में 100 किलोमीटर (60 मील) दूर था। झटके अन्य शहरों में भी महसूस किए गए।पिछले साल नवंबर में होर्मोजगन प्रांत में 6.4 और 6.3 तीव्रता के भूकंप आए थे, तब एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। कई टेक्टोनिक प्लेटों के किनारे पर स्थित ईरान मजबूत भूकंपीय गतिविधि का क्षेत्र है।





## सीएम से डिप्टी सीएम...

## फडणवीस को थी भाजपा के हर प्लान की जानकारी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** महाराष्ट्र में हाल में हुए एक बड़े सियासी उलटफेर के पूरे प्रकरण में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस लूप में थे। उन्हें राज्य में हो रहे घटनाक्रम की सारी जानकारी थी। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान का सम्मान करने के लिए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री का पद स्वीकार किया। एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र में हो रहे हर डेवलपमेंट की जानकारी थी। उनके और उनके तेज राजनीतिक कौशल के बिना यह वास्तव में नहीं हो सकता था। इसलिए, यह कहना बहुत दूर की बात है कि फडणवीस को लूप में नहीं रखा गया था। सूत्रों ने एजेंसी को बताया कि देवेंद्र फडणवीस ने पीएम मोदी के कम से कम दो बार पर फोन करने के बाद डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ली। साथ ही बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ-साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी ट्विटर पर फडणवीस से अपील की थी। पार्टी के एक शीर्ष नेता ने बताया, फडणवीस को कोई निर्देश नहीं दिया गया था और किसी को नहीं पता था कि वह घोषणा करेंगे कि वह सरकार का हिस्सा नहीं होंगे। सूत्रों ने आगे कहा कि घोषणा करने के बाद फडणवीस को अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कहा गया था।सूत्र ने आगे कहा, फडणवीस एक शीर्ष प्रशासक और एक ईमानदार नेता रहे हैं। पार्टी को इस बात का एहसास हुआ कि उन्होंने एक आश्चर्यजनक घोषणा की है। उन्हें कुछ घंटों के भीतर ही अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कहा गया था। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने एएनआई को बताया, देवेंद्र एक वफादार पार्टी कैडर रहे हैं।

### पीएम मोदी के कहने पर ली शपथ

# 500 रुपये के नोट पर आरबीआई का आया बयान

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** आज के समय में 500 रुपये का नोट हर किसी के पास होता है। लेकिन वह नोट बाजार में चलने लायक है या नहीं यह बड़ा सवाल है। ऐसा इसलिए क्योंकि नोटबंदी के बाद से फेक करेंसी और नोटों को लेकर कई तरह की खबरें सामने आ रही हैं। इसी के मद्देनजर भारतीय रिजर्व बैंक ने 500 रुपये के नोट को लेकर एक बयान जारी किया है। आरबीआई ने बैंकों से कहा है कि वे हर तीन महीने में सटीकता और स्थिरता के लिए अपनी नोट छंटाई मशीनों का टेस्ट करें। यह सुनिश्चित करें प्रिटेंड नोट तय मापदंडों के अनुसार हैं या नहीं। आरबीआई ने नोटों की सही कंडीशन के लिए 11 मानक निर्धारित किए हैं। साथ ही बैंकों को नोट सॉर्टिंग मशीनों के बजाय नोट फिट सॉर्टिंग मशीनों का उपयोग करने का निर्देश दिया है।



### हर तीन महीने में छटाई मशीनों का टेस्ट करें

**फिट और अनफिट नोट क्या होता है?**

आरबीआई ने अपने सर्कुलर में कहा कि एक फिट नोट वह होता है जो जेन्यूइन हो, क्लिर यानी साफ सुथरी हो ताकि इसके वैल्यु का आसानी से पता लगाया जा सके और जो रीसाइक्लिंग के लिए उपयुक्त हो। अनफिट नोट वह है जो अपनी फिजिकल कंडीशन के कारण रीसाइक्लिंग के लिए उपयुक्त नहीं है। कई अनफिट नोट चेन ऐसे हैं जिसे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा फेजवाइज समाप्त कर दिया गया है।

### आरबीआई का बैंकों को निर्देश

आरबीआई ने बैंकों को निर्देश दिया कि नोट प्रोसेसिंग मशीन/नोट सॉर्टिंग मशीन समय-समय पर प्रामाणिकता की जांच करेगी। कोई भी नोट जिसमें असली नोट की सभी विशेषताएं नहीं पाई जाती हैं, उसे मशीन द्वारा संदिग्ध/अस्वीकार के रूप में क्लासिफाइड किया जाएगा। इसके अलावा, सर्कुलर के अनुसार, बैंकों को हर तीन महीने में करेंसी नोटों की फिटनेस रिपोर्ट आरबीआई को भेजनी होगी। बैंकों को अनुपयुक्त पाए गए नोटों की संख्या और उचित मेंटेनेंस के बाद फिर से जारी किए जा सकने वाले नोटों के बारे में आरबीआई को सूचित करना होगा।

### भारतीय विकेटकीपर के तौर पर सबसे तेज संेचुरी लगाई, 19 चौके और 4 छक्के जड़े

## पंत ने धोनी का 17 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**बर्मिंघम,एजेंसी।** भारत-इंग्लैंड टेस्ट शुरू होने से पहले इंग्लैंड टीम की खूब चर्चा थी। अंग्रेजों ने न्यूजीलैंड को 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। नए कप्तान बेन स्टोक्स और नए कोच ब्रैंडन मैकुलम की तारीफ हो रही थी कि उन्होंने इंग्लैंड की टीम को खूंखार और आक्रामक बना दिया। स्टोक्स ने मैच से पहले टीम इंडिया के लिए कहा- हम हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उसी तरह खेलेंगे जैसे न्यूजीलैंड से खेले थे। बर्मिंघम टेस्ट के पहले कुछ घंटे तो लगा कि वाकई इंग्लैंड की टीम अब बेरहम हो गई है। क्या शानदार बॉलिंग, क्या तगड़ा एटिट्यूड। 28 ओवर भी नहीं हुए और भारत की आधी टीम पवेलियन में। स्कोर 98/5...लगा कहीं 125-150 जाते-जाते ऑलआउट न हो जाए। तभी किसी संकटमोचक की तरह एंट्री हुई ऋषभ पंत की। उन्होंने अगले करीब 3 घंटे बल्ले के साथ ऐसा विकराल रूप दिखलाया कि हवा में उड़ रहे अंग्रेज जमीन पर धड़ाम हो गए। कप्तान बेन स्टोक्स बार-बार ऐसे मुंह छुपा रहे थे मानो कह रहे हों त्राहिमाम...त्राहिमाम...। पंत ने इस पारी में महेंद्र सिंह धोनी का 17 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। उन्होंने भारतीय विकेटकीपर के तौर पर टेस्ट क्रिकेट में अब तक की सबसे तेज संेचुरी लगाई। पंत ने किया भी कुछ ऐसा ही था। 51 गेंद पर हाफ संेचुरी पूरी की। 89 गेंदों पर शतक पूरा कर लिया। इंग्लैंड की जमीन पर दूसरा शतक। जब आउट हुए तब उनके नाम 111 गेंद पर 146 रन थे। 19 चौके और 4 छक्के। जेम्स एंडरसन जैसे गेंदबाज ने 19 ओवर में 52 रन खर्च कर डाले। पंत ने उनकी गेंद पर फिर से रिवर्स स्पीप शॉट खेला। 600 से ज्यादा विकेट लेने वाले किसी गेंदबाज पर अगर रिवर्स स्वीप जमाया जाए तो यह उसके लिए किसी तमाचे से कम नहीं है।



## 133 वें वर्ष धूमधाम से निकाली गई भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा

# जगत को दर्शन देने निकले जगत के नाथ

*जबलपुर, यशभारत। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा साहू समाज जबलपुर द्वारा धूमधाम से निकाली गई। साहू समाज द्वारा विगत 133 वर्षों से रथयात्रा निकाली जा रही है। ट्रस्ट के कोठिया श्रीकान्त साहू ने बताया वात्री साहू समाज के तत्वाधान में श्री जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मंदिर ट्रस्ट द्वारा इस वर्ष साहू धर्मशाला गढ़ाफाटक स्थित अस्थाई मंदिर से भगवान जगन्नाथ स्वामी अपने भाई बलभद्र और बहिन देवी सुभद्रा के साथ रथ पर विराजमान होकर जगत को दर्शन देने निकले और रथयात्रा चरहाई, बड़े महावीर मंदिर, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा चौक, मिलौनीगंज चौक, हनुमानताल होते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर स्थित सिंहवाहनी मंदिर पहुँची जहाँ भगवान 12 दिनों तक अपनी मौसी के घर विराजमान रहेंगे जहाँ नित प्रतिदिन भजन, कीर्तन, भंडारा आदि होगा।*



भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा का जगह जगह स्वागत हुआ। इस अवसर पर साँसद राकेश सिंह, भाजपा महापौर प्रत्याशी डॉ जितेंद्र जामदार, विधायक विनय सक्सेना, दिनेश यादव, धीरज पटैरिया, महाभारत फेम नितेश भारद्वाज शरद अग्रवाल के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कियासाहू समाज की रथयात्रा में मुखिया मेहते राजेन्द्र साहू, व्यवस्थापक चौधरी मुकेश साहू, रविशंकर साहू, हरीश साहू, नरेंद्र साहू, राजेश साहू पप्पू, राकेश साहू, उमाशंकर साहू, मेहते रवि साहू, पप्पी साहू सहयोगी, आजाद साहू, धर्मेंद्र साहू, बृजेश साहू, विनोद साहू, राजू साहू कोठी, राधे साहू, कोठिया श्रीकान्त साहू, निशांत साहू, विशाल साहू के साथ बड़ी संख्या में समाज की माताएं बहिनें एवं युवा साथी उपस्थित थे।

### सिटी बंगाली क्लब से निकली बंगाली समाज की रथ यात्रा

आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि 1 जुलाई को बंगाली समाज ने पूरे भक्ति भाव से रथ यात्रा सिटी बंगाली क्लब से निकली।रथ पर भगवान जगन्नाथ बलभद्र सुभद्रा और सुदर्शन सवार हो कर नगर भ्रमण पर सांय 5 बजे निकले इससे पहले जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रभु को प्रसाद चढ़ाया गया इस्कॉन भक्त मंडली और श्रद्धालुओं ने संकीर्तन किया विशेष रूप से महिलाए पीले और लाल रंग की साड़ी शंख बजाते हुए नजर आ रहे थे खोल कासोर शंख उलु ध्वनि के साथ रथ यात्रा मालवीय चौक सुपर मार्केट लार्डगंज बड़ा फुहारा अंधरदेव तुलाराम चौक होते हुए सिटी बंगाली क्लब पहुंची जगह जगह भगवान जगन्नाथ की आरती और पूजा अर्चना की गई भक्तजनों को जगानाथ का प्रसाद भात वितरित किया गया।रथ यात्रा में सुब्रत पाल प्रकाश साहा श्यामल मुखर्जी आशीष घोष आर एन दत्ता अनुराग पाल आशीष सेन सुरजीत गुहा डी के रॉय आई बी रुद्रा विश्वजीत घोष मुकुल घोष चंदन करफरमा सौरभ सोम शेखर डे आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## संतों ने सोने की झाड़ू से बुहारा

भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा में हजारों भक्त शामिल हुए। नजारा ऐसा था जैसे संस्कारधानी में साक्षात पुरी उतर आया हो। शहर के जगन्नाथ मंदिरों की सामूहिक रथ यात्रा बड़ा फुहारा से शुरू हुई। यहां सबसे पहले संतों ने सोने की झा?ू से यात्रा मार्ग को साफ किया और फिर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बलदाऊ की आरती उतारी। इस दौरान भक्त जय जगन्नाथ के



जयकारे लगा रहे थे। यात्रा का समापन हनुमानताल में हुआ। शाम 4 बजे सभी मंदिरों के रथ बड़ा फुहारा पहुंच गए। जिसमें मुख्य रूप से साहू समाज, जगदीश मंदिर गड़ाफाटक, जगदीश मंदिर हनुमानताल और चौरसिया समाज के रथ शामिल हुए। कुछ भक्त भगवान को प्रतीकात्मक रूप से पालकी में लेकर निकले। शोभायात्रा में सबसे आगे जीवंत झांकियां भी शामिल की गई थीं। वहीं भक्तों का जत्था भजन करते हुए चल रहा था। महाभारत में श्रीकृष्ण की भूमिका निभाने वाले अभिनेता नीतीश भारद्वाज भी भगवान जगन्नाथ की महाआरती करने के लिए बड़ा फुहारा पहुंचे। यहां उन्होंने स्वामी गिरीशानंद सरस्वती, स्वामी नरसिंहदास, मैत्री दीदी, स्वामी कालीनंद, स्वामी राजारामाचार्य, पंडित रोहित दुबे, वासुदेव शास्त्री, योगेंद्र त्रिपाठी, आरएसएस के डोमेश्वर साहू, शरद अग्रवाल के साथ सोने की झाड़ू से मार्ग साफ किया और फिर भगवान की महाआरती की। इस दौरान डा. सुधीर अग्रवाल, श्याम साहनी, डा. शिव शंकर पटेल, ज्ञानेन्द्र सिंह बघेल, प्रवेश खेड़ा, राजेन्द्र सराफ, मुकेश साहू आदि उपस्थित रहे।

## *मंडल के 82 कर्मचारियों को 27 करोड़ 75 लाख रूपये के साथ रेलवे से बिदाई*

*जबलपुर यश भारत। रेलवे में लम्बी सेवा करने वाले 81 रेल कर्मचारियों एवं 1 अधिकारी मंडल रेल प्रशासन द्वारा रेल सेवा पूर्ण करने पर एक कार्यक्रम में बिदाई देते हुए उनके द्वारा अर्जित विभिन्न मदों की कुल राशी 27 करोड़ 56 लाख रूपये का भुगतान एन.ई.एफ.टी.के माध्यम ए किया गया बिदाई कार्यक्रम में डी.आर.एम.संजय विश्वास ने बिदा लेते सभी कर्मचारियों को सेवानिवृति से सम्बंधित दस्तावेज तथा गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मैडल प्रदान करते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की. इस मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, मंडल के अधिकारी राहुल श्रीवास्तव,अभि राम खरे, अरविन्द पाण्डेय, दिनेश दिव्वेदी सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे. इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा सलाहकार डॉ. नीरज वर्मा, मुख्य आरक्षण पर्वेक्षक उमेश कुमार पांडे, कार्यालय अधीक्षक राजेन्द्र कुमार,विधु यादव, रेवा राम आदि प्रमुख है।*

## आरपीएफ द्वारा नाबालिग बालक को बाल कल्याण समिति के सुपुर्द किया

**जबलपुर यश भारत।** रेलवे सुरक्षा बल जरूरतमंद यात्रियों को सहायता प्रदान करने के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों का बचाव भी करते हैं। जिम्मेदारियों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने हेतु चैबीसों घंटे सतत कार्य करते हुए पश्चिम मध्य रेल, रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सराहनीय कार्य करते हुए ''नन्हे फरिश्त अभियान के तहत घर से भागे हुए, अपहृत हुए, बिछु? हुए बालक एवं बालिकाओं को सुरक्षित उनके परिजनोंध/चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया । पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में कटनी पोस्ट के उपनिरीक्षक हिम्मत सिंह गर्जर और आरक्षक भारद्वाज एवं आवाज जन कल्याण संस्था कटनी के टीम द्वारा संयुक्त रूप से कटनी स्टेशन पर चैकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर 02 पर एक बच्चा लावारिस हालत में मिला जिससे पूछताछ करने सन्तोषजनक जवाब नहीं देने पर रेसुब पोस्ट कटनी लाया गया तथा सदभावना पूर्वक पूछताछ करने पर अपना नाम क्षेत्रपाल प्रजापति, पिता शंकर लाल, उम्र 17 वर्ष, निवासी-कारी माटी थाना उँचेहरा, जिला सतना म.प्र. बताया साथ ही बताया कि वह अपने घर से नाराज होकर किसी ट्रेन से कटनी आ गया है। उसके परिजनों का मोबाइल नम्बर पूछने पर नहीं होना बताया। आरपीएफ ने उक्त बच्चे का मेडिकल कराकर बच्चे की देखरेख हेतु बाल कल्याण समिति कटनी को सुपुर्द करने हेतु आवाज जन कल्याण संस्था कटनी के टीम के प्रीतिनिधि श्री देवेन्द्र गुप्ता समन्वयक को सुपुर्द किया गया।

## मंडल में आयोजित कर्मयोगी प्रशिक्षण की रेल परिवहन संस्थान द्वारा सराहना

**जबलपुर ,यशभारत।** जबलपुर रेल मंडल के वाणिज्य एवं परिचालन स्टाफ को रेल कर्मयोगी का सफलता पूर्व प्रशिक्षण देकर स्टाफ की कार्यकुशलता में वृद्धि करने पर भारतीय रेल परिवहन प्रबंधक संस्थान लखनऊ ने मंडल को प्रशंसा पत्र के साथ रेल कर्मयोगी मोमेंटो प्रेषित किया है. संस्थान के महानिदेशक ने अपने पत्र में जबलपुर मंडल द्वारा अर्जित की गयी इस उपलब्धि के लिए मंडल के अधिकारियो एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले स्टाफ की प्रशंसा करते हुए इसे रेल सेवा रिकार्ड समय में पूर्ण करने के लिए बधाई दी है. उल्लेखनीय है कि मंडल में डी.आर एम. संजय विश्वास के निर्देशन एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग के 1027 एवं परिचालन विभाग के 511 कर्मचारियों को रेल कर्मयोगी का विशेष दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया था जिसकी सफलता में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री विश्व रंजन एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा महत्वपूर्ण भूमिका थी. मंडल कार्यालय में उक्त पत्र एवं मोमेंटो श्री विश्वास ने उक्त अधिकारियो को सौपते हुए उनके कार्य की सराहना की है।

## जब डीआरएम ने महाकौशल ट्रेन की देखी साफ सफाई की व्यवस्था



**जबलपुर यश भारत।** यात्री गाडियों की साफ सफाई तथा कोच में पानी की उपलब्धता की औचक जाँच मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास ने अपनी टीम के साथ की. श्री विश्वास अचानक कोचिंग डिपो पहुंचे तथा प्लेटफार्म पर जाने के लिए तैयार महाकौशल एक्सप्रेस न. 12189 के रैक में पहुचे. रैक में उन्होंने एसी सहित सभी कोचों में जाकर टायलेट के नल, फ्लसिंग सिस्टम को देखा तथा साफ सफाई का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान श्री विश्वास ने रैक में की गयी साफ ङ्कसफाई को उपयुक्त पाया तथा इस कार्य में लगे पर्यवेक्षकों को साफ सफाई का हमेशा विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी. इस अवसर पर कोचिंग डिपो अधिकारी स्वप्निल पांडे भी उपस्थित थे।



## लंबे अरसे बाद सुरक्षा संस्थानों से करीब एक सैकड़ा सेवानिवृत्त

**जबलपुर यशभारत।**एक समय था जब सुरक्षा संस्थानों से बड़ी संख्या में सेवानिवृत्ति होती थी।संस्थानों के द्वार पर मेला सा लगता था। लेकिन अब धीरे धीरे सेवनिवृतियों का क्रम कम हो गया।अरसे बाद कल एक बार पुन: शहर के सुरक्षा संस्थानों में ढोल नगाड़ों के साथ चहलपहल दिखाई दी।।जानकारी के अनुसार जीसीएफ से करीब तीस ओएफके से 17व्हीएफजे से भी करीब बीस 506आर्मी बेस वर्कशॉप से15सीओडी से लगभग दस और अन्य सुरक्षा संस्थानों से कुल मिलाकर एक सैकडा सुरक्षा कर्मी सेवा निवृत्त हुए।संस्थानों के विभाग प्रमुखों ने एक ओर जहां उन्हें औपचारिक विदाई दी वहीं दूसरी ओर उनके सहकर्मियों ने भी भावभीनी विदाई देने के साथ उन्हें घर तक पहुंचाने गये सेवानिवृतों में श्रमिक नेता अरुण दुबे देवेश गर्ग आर एस पटेल मुकेश सिंह ई एल मिश्रा विशन सिंह सी पी शर्मा शशिधर और अशोक कुमार आदि को विभिन्न सुरक्षा संस्थानों से ढोल नगाड़ों के साथ विदाई दी गई।

## जे पी शर्मा वन विभाग से सेवानिवृत्त

**जबलपुर,यशभारत।** कार्यालय वन मंडल अधिकारी सामान्य जबलपुर में लेखपाल के पद पर पदस्थ जे पी शर्मा अपनी 38 वर्ष की शासकीय सेवा को पूर्ण कर आज सेवा निवृत्त हुए । श्री शर्मा वन कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री भी रहे । आपकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर कार्यालय सहित विभिन्न संगठनो के पदाधिकारियों द्वारा शुभकामनाएँ प्रेषित की गयी है ।



## आज गरीब रथ एक्सप्रेस में लगेगा एक अतिरिक्त कोच

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर से मुंबई जाने बाली गरीब रथ एक्सप्रेस नंबर 12187 में रेल यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा करने के लिए मंडल रेल प्रशासन ने इस गाडी में ए सी थ्री का एक अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया ह। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया की गरीब रथ एक्सप्रेस को 18 कोचों के रेक से चलाया जाता है लेकिन आज 02 जुलाई को इस ट्रेन में लम्बी प्रतिक्षा सूची होने पर रेल प्रशासन ने इस ट्रेन मे आज एक एक्स्ट्रा कोच लगाने का निर्णय लिया है जिससे यात्रियों को बर्थ उपलब्ध हो सकेगी और वे अपना सफर आसानी से कर सकेंगे।

## गजब पात्रता है तो ब्रांडेड के बदले जेनेरिक दवाएं क्यों

**जबलपुर यशभारत।**विगत दिनों केन्द्रीय स्वास्थ्य परिवार मंत्रालय द्वारा सीजीएचएस लाभार्थियों को विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा बीमारियों विशेष के अनुरूप जो दवाएं लिखी जाती हैं जो परंपरागत और जेनेरिक दवाओं से हटकर नई शोध के बाद अस्तित्व में आती हैं और स्वास्थ्य केन्द्र में नहीं होती हैं उन्हें बाजार से खरीद कर लाभार्थियों को प्रदान की जाती रही अब उसके बदले पी एम जन औषधि केन्द्र के माध्यम से जेनेरिक दवाओं को खरीद कर देने का आदेश दिया गया है ।जिसका विरोध कर सी डब्ल्यू ए ने क्षेत्रीय निदेशक को ज्ञापन सौंपा और मांग की है कि लाभार्थियों को विशेषज्ञों के परामर्श के अनुरूप ब्रांडेड दवाएं दी जाएं।सी डब्ल्यू ए के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुंवर सिंह ने कहा कि अत्यंत खेद का विषय है की सी.जी. एच. एस निर्देशालय दिल्ली ने संदर्भित पत्र के माध्यम से लाभार्थियों को जन औषधि परियोजना के अंतर्गत दवाईया देने का निर्देश दिया गया है जो गंभीर बीमारी के समय अथवा बड़े ऑपरेशन के बाद उनके स्वास्थ व जीवन के लिए अति हानिकारक है इस तरह सौ. जी. एच. एस मुख्यालय लाभार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण ब्रांडेड दवाइयों से दूर कर रहा है। अभी गंभीर बीमारियों व बड़े ऑपरेशनों के बाद मान्यता प्राप्त हॉस्पिटल के विशेषज्ञ द्वारा जो दवाईया लिखी जाती है उन्हें बदलकर सौ. जी. एच. एस स्टॉक मैं उपलब्ध दवाईया दी जा रही थी और जो दवाईया स्टॉक में नहीं होती थी उन्हें लोकल कैमिस्ट से खरीद कर लाभार्थियों की ब्रांडेड दवाईया दी जा रही थी । परन्तु अब उक्त पत्र के माध्यम से ब्रांडेड दवाईया पूर्ण रूप से बंद की जा रही हैं ।ज्ञापन में मांग की गई है कि उक्त आदेश वापिस लिया जाए।



सीजीएचएस क्षेत्रीय निदेशक को सी डब्ल्यू ए ने सौंपा ज्ञापन

## डीआरएम ने किया रेलवे के 30 कर्मचारी पुरस्कृत

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेल मंडल के सतर्क एवं सजग रेल 30 कर्मियों को रेलवे के प्रति संरक्षा में श्रेष्ठ कार्य करने पर मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास ने प्रशस्तिपत्र पत्र एवं नगद राशी से पुरष्कृत किया. मंडल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में रेलवे फेक्रर, हॉट एक्सेल, फ्लेट टायर सहित आग की घटना पर उसका सफलता पूर्वक निष्पादन करने वाले स्वप्निल बाथर ,उपेन्द्र, रमा कान्त सेन, अंकित मालवीय, जितेन्द्र मोहन, सचिन ताम्रकार,दानेंद्र सिंह, सुनील कुमार, सरोज कुमार, आदि कर्मचारियों को इस मौके पर पुरष्कृत किया गया। इस अवसर पर श्री विश्वास ने ड्यूटी के दौरान सजगता क परिचय देने वाले उक्त कर्मचारियों के कार्य की सराहना करते हुए इनकी प्रशंसा की। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अमितोज बल्लभ, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी पी.के.स्वामी, मंडल के शाखा अधिकारी विश्व रंजन, जे.पी.सिंह, राहुल श्रीवास्तव, मनीष पटेल,विराट गुप्ता, आदि भी उपस्थित थ।



## मेंहदी और निबंध प्रतियोगिता से किया जा रहा मतदाताओं को जागरूक

**गोटेगांव, यशभारत।** आगामी 6 जुलाई को समूचे मध्यप्रदेश में नगरीय निकाय के चुनाव होने हैं इसी श्रंखला के तहत नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव तहसील में भी नगर पालिका के चुनाव होने वाले हैं नगर पालिका के चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का परिपालन में नगर पालिका परिषद गोटेगांव अपनी अहम और महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है इसी के तहत विगत दिवस में नगरीय निकाय चुनाव 6 जुलाई 2022 को सम्पन्न होना है उक्त चुनाव मे शत् प्रतिशत मतदान हो नगर पालिका परिषद गोटेगॉव के द्वारा प्रतिदिन अधिक से अधिक मतदान हेतु पूरे जोर शोर से तैयारियां की जा रही है विगत दिनांक 30 जून को प्रात;11 बजे से शासकीय रानी अवंति बाई लोधी कन्या हाई स्कूल मे नगरपालिका द्वारा मतदाता



जागरूकता अभियान के अन्तर्गत निबंध एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया गया ।मेंहदी प्रतियोगिता मैं कु.प्रियंका मेहरा, लक्ष्मी महोबिया, मुस्कान यादव ,समीक्षा लोधी ने बहुत ही सुंदर मेंहदी लिखी ।निबंध प्रतियोगिता में कु.संगीता लोधी, शिखा लोधी, ऐश्वर्या दुबे, पायल कहार ,सुमन मेहरा एवं एकता झारिया इन छात्राओं ने बहुत ही सराहनीय निबंध लिखे।संस्था की प्रभारी प्राचार्या श्रीमती माया पटेल ने छात्राओं से सभी लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया ।इस कार्यक्रम मे श्रीमती मीना जैन, मनीषा सोनी, मनीषा जैन ,जया गुप्ता ,शहनाज बानो, क्रांति पटेल एवं सुनीता मेहरा ने अपना सहयोग देकर कार्यक्रम की गरिमा को बढाया नगरपालिका से सुश्री डॉ. साक्षी वाजपेई उपयंत्री सौहार्द मात्रे, सुनील भनारे वीरेंद्र पटेल शरद तिवारी विकास राजपूत योगेश कहार एवं अन्य लोगों द्वारा छात्राओं की भूरि भूरि प्रशंसा की गई.।

## क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जबलपुर की 57 वीं बैठक संपन्न

**जबलपुर यश भारत।** क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर की 57वीं बैठक महाप्रबंधक पद का प्रभार संभाल रहे अपर महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के आरंभ में अपर महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी ने मुख्यालय, राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित गृह पत्रिका राजभाषा सरिता के 44वें अंक का विमोचन किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आप सभी अधिकारियों/कर्मचारीयों के कार्य के प्रति समर्पण, निष्ठा व लगन के कारण पश्चिम मध्य रेल को कार्यकुशलता के ओवरऑल परफारमेंस के लिए पं. गोविन्द वल्लभ पंत शील्ड, यांत्रिक विभाग को रॉलिंग



स्टाक शील्ड, कार्मिक विभाग को कार्मिक पप्रबंधन शील्ड, भंडार विभाग को बिक्री प्रबंधन शील्ड तथा चिकित्सा को व्यापक स्वास्थ्य देखभाल शील्ड के रूप में बहुत सारी उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। इन उपलब्धियों पर उन्होंने सभी को बधाई दी। उन्होंने बताया कि पश्चिम मध्य रेल पर राजभाषा हिंदी का प्रयोग-प्रसार सराहनीय है. पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी बोर्ड स्तर की लाल बहादुर शास्त्री पुरस्कार योजना का प्रथम पुरस्कार, मुंशी प्रेमचंद पुरस्कार योजना का द्वितीय पुरस्कार तथा मैथिली शरण गुप्त पुरस्कार योजना का द्वितीय पुरस्कार हमें प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि बोर्ड स्तर की व्यक्तिगत नगद पुरस्कार योजना के अंतर्गत इस रेल के एक अधिकारी एवं तीन कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया गया है।उन्होंने समिति को बताया कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा भोपाल के मंडल कार्यालय एवं कारखाना सहित रानी कमलापति स्टेशन का निरीक्षण प्रस्तावित हैं। अतः उन्होंने सभी सदस्यों से इस हेतु तैयारी करने का अनुरोध किया।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने जून महीने और 2022 की पहली छमाही में सारे रिकॉर्ड्स तोड़े

एजेंसी। मॉनसून ने देश में दस्तक दे दी है और स्कोडा ऑटो इंडिया में भी रिकॉर्ड्स की बारिश हो रही है 2018 में शुरू हुई इंडिया 2.0 की कोशिश के चलते कंपनी बिक्री के अपने ही रिकॉर्ड तोड़ रही है और महीने दर महीने नये रिकॉर्ड बना रही है जून 2022 में 6,023 स्कोडा को अपना नया घर मिला यह मार्च 2022 में 5,608 यूनिट्स का एक दशक पुराना रिकॉर्ड तोड़ने के बाद हुआ वर्ष-दर-वर्ष के हिसाब से




जून 2022 ने जून 2021 में बिकीं 734 कारों की तुलना में 721 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की सबसे महत्वपूर्ण स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2021 में 23,858 यूनिट्स की वार्षिक बिक्री से ज्यादा बिक्री 2022 की पहली छमाही में ही 28,899 यूनिट्स की बिक्री से दर्ज की है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्राण्ड डायरेक्टर ज़ैक होलिस ने कहा हमारे दोनों ही इंडिया 2.0प्रोडक्ट्स बाजार में एक बेहद चुनौती वाले माहौल में आए थे वैश्विक महामारी बार-बार लगे लॉकडाउन आर्थिक उथल-पुथल भूराजनैतिक अस्थिरता और अब आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर रही सेमीकंडक्ट्र की लगातार कमी इसलिये यह स्कोडा ऑटो इंडिया में हम सभी के लिये एक बेहतरीन उपलब्धि है कि हम बिक्री के रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं और नये रिकॉर्ड बना रहे हैं यह हमारी सभी टीमों की निरंतर मेहनत का फल है न केवल प्रोडक्ट के मामले में बल्कि ग्राहक संतोष हमारे नये कस्टमर टचपॉइंट्स की व्यापक और गहरी पहुँच और सर्विस के लिये उपभोक्तादृकेन्द्रित कैम्पेनों तक हमारे डीलर पार्टनर्स भी एक बड़ी भूमिका निभा रहे हैं और उन्होंने शानदार काम किया है हम सभी मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि 2022 भारत में हमारा सबसे बड़ा साल बने।

# पौधारोपण प्राण वायु और जीवन की आस

**एजेंसी।** जब आप पौधारोपण करते है, तब आप अनेक जीवों के लिए, प्राण वायु का संचार करते है:- हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. हरिशंकर चंदेल!

डॉक्टर्स डे के दिन, हम सभी चिकित्सकों ने पौधारोपण कर, प्राण वायु और जीवन की आस को पुन: रोपित किया है :- डॉक्टर पवन सोनी (न्यूरोलॉजिस्ट) मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ! हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश दुबे ने कार्यक्रम मे संबोधित किया की, चिकित्सक दिवस के दिन, हम गैलेक्सी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल जबलपुर, के साथ जुड़े, सभी चिकित्सकों का उनके उत्तम कार्यों और सेवाओं के लिए आभार प्रदान करते है और उनके बुद्धि, धैर्य और मानवसेवा के गुणों की सराहना करते हुए उनका सम्मान करते है!

### प्रकृति के संरक्षण-संवर्धन के लिए हम चिकित्सक प्रतिबद्ध

डॉ. अमितेश चतुर्वेदी अस्थि रोग विशेषज्ञ ने संवाददाता को उद्बोधित करते हुए कहा की, गैलेक्सी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल जबलपुर, मानव सेवा के साथ प्रकृति के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध है! हम विगत वर्ष 2021 के पौधारोपण अभियान को छायांके और आर्यरा के साथ इस वर्ष भी बढ़ा रहे है! चिकित्सक दिवस को मानने का यह हमारा अनूठा प्रयास है, चिकित्सक उनके सम्मान दिवस के दिन, प्रकृति का सम्मान कर रहे है!

डॉ. विवेक गुप्ता दाँत रोग विशेषज्ञ ने चिकित्सक दिवस सम्मान समारोह के दौरान, अस्पताल के प्रत्येक विभाग और चिकित्सकों की, चिकित्सा जगत मे, उपलब्धियों का विवरण प्रदान किया! गैलेक्सी सुपर स्पेशियलिटी



हॉस्पिटल जबलपुर, चिकित्सकों की मेहनत और लगन से, मध्य भारत के, प्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल के रूप मे, चिकित्सा जगत मे, महकौशल का नाम रौशन कर रहा है!

डॉ. सुनील पटेल अस्थि रोग विशेषज्ञ ने प्रतिमाह आम जनता और ग़रीबों के लिए होने वाले नि:शुल्क शिवरों का और उन शिविरों मे, स्वास्थ्य हुए मरीजों का ब्योरा दिया. अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा किए गए कठिन आपरेशन और सभी विशेष मरीजों के स्वास्थ्य के सुधार के बारे मे जानकारी प्रदान की! उन्होने विशेष रूप से प्रतिमाह शहर के माँ नर्मदा वृद्धाश्रम मे, दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का उल्लेख किया!

### चिकित्सक के प्रयासों को विफल ना होने दें!

आर्यरा फाउंडेशन की ओर से डॉ. अमिता शर्मा चतुर्वेदी एम. डी. पैथोलॉजिस्ट ने, पौधारोपण के समय जनता से अपील की, चिकित्सक भी एक मानव है, जो अपने जीवन की परवाह किए बगैर, मरीज के जीवन को बचाने की कोशिश करता है, अतः उसके प्रयासों को विफल ना होने दें! चिकित्सक के साथ हिंसात्मक रवैया ना अपनाए और ना ही अपशब्दों का प्रयोग करें! अस्पताल के समस्त स्टाफ और पौधारोपण मे सहयोग करने वाले स्वयं सेवकों ने स्टॉप वाईलेंसे अगेन्स्ट डॉक्टर्स के नारे के साथ पौधारोपण किया!

### चिकित्सकों ने किया छाया के लिए छायादार पौधों का रोपण, प्राण वायु हेतु

छायांके चेरिटबल ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती छाया त्रिवेदी (पूर्व प्राचार्य) ने कहा की, चिकित्सक दिवस के दिन गैलेक्सी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल जबलपुर के, चिकित्सकों ने छाया के लिए छायादार पौधों का रोपण, प्राण वायु के लिए कर के चिकित्सकों के प्रति मान-सम्मान और गर्व को बढ़ाया है! उन्होने जन सामान्य से अपील की, वो पूरा जुलाई और अगस्त माह अधिक से अधिक पौधारोपण करें और प्रकृति को हरा भरा बनाने के छायांके के अभियान मे साथ दें!

सी. ई. ओ. श्री अभिषेक चक्रबोर्ती जी ने सभी को पौधरोपण के लिए उत्साहित करते हुए डॉक्टर्स डे का बखूबी संचालन किया!

## समदडिया आभूषण ने उपभोक्ताओं पर की उपहारों की बरसात

सतना, यशभारत। समदडिया आभूषण सतना ने अपने उपभोक्ताओं के उपहारों की झडी लगा दी। किसी उपभोक्ता को कार मिली तो किसी को मिली एक्टिवा। किसी को मिक्सचर जूसर मिला तो किसी को माइक्रोवेब ओवन। उल्लेखनीय है कि 22 मई को जब सतना में समदडिया के भव्य शोरूम का लोकार्पण हुआ था तब समदडिया के संचालकों द्वारा घोषणा की गयी थी कि वे लकी ड्रॉ द्वारा उपभोक्ताओं को उपहार प्रदान करेंगे। हाल ही, उसी लकी ड्रॉ के तहत नाम निकाले गये और उपहारों की घोषणा की गयी। समदडिया आभूषण सतना द्वारा उपहार प्राप्त कर सभी उपभोक्ता हर्षित हैं एवं समदडिया आभूषण की खुले दिल से प्रशंसा कर रहे हैं।



**ये बने विजेता** विमल पेट्रोलियम, खुश्बू,विमला देवी, ईशा पुरी,पन्ना हीरालाल सोनी,केजी गौतम,जीतेंद्र कुमार, मालती असरानी,सुनीता श्रीवास्तव, निचल ताम्रकार,विभा दास, गीता,राकेश पांडे, रश्मि परिहार,राहुल जैन, प्रवीण,अभिषेक गुप्ता, विभा सिंह,विवान शर्मा,संतोष गुप्ता एवं नितेश मिश्रा को लकी ड्रॉ के माध्यम से विजेता चुना गया। इन सभी प्रतिभागियों को समदडिया आभूषण सतना द्वारा विभिन्न उपहार प्रदान किये गये। वहीं सांत्वना पुरस्कार पाने वालों में नीरज तिवारी, धीरज जैन रीता जैन,एसडी शर्मा, राजू मोनिगा,करुणा सिंह, स्मिता मालवीय,डॉ.रामनिवास पाठक,रणवीर सतपाल,मोना जॉली, हर्ष सोनी,विकास जायसवाल,अशोक गुप्ता, अर्चना गुप्ता, सीमा अग्रवाल,मोती लाल गोयल, अभिजीत मिश्रा,सुलेखा गुप्ता, कुसुम अग्रवाल,आयुषी कटारे, श्रुति सेनानी,राकेश खत्री, कीर्ति जैन, दीपा गुप्ता, निकिता वार्ष्णेय,शिल्पी अग्निहोत्री, आशीष सिंह, पुष्पेंद्र त्रिपाठी,कनिष्तिका सिंह,डॉ.मदाकिनी तिवारी, अर्पिता सिंह,राखी द्विवेदी, जीएल पटैल, प्रीति देवी, अमृता सिंह,मुक्ता सिंह, सूरज वाधवानी एवं पुनीत गांधी शामिल रहे।

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, शनिवार, 02 जुलाई 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# शहर में धूमधाम से मनाया गया रथयात्रा महोत्सव

## जय जय जगन्नाथ के जयघोषों से गूंजा शहर, भगवान के दर्शन करने सड़कों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, जगह-जगह पूजा, अर्चना, आरती उतारकर किया प्रसाद वितरित







**कटनी (यशभारत)।** जय-जय जगन्नाथ व जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ के गगनचुम्बी जयघोषों के बीच भगवान जगन्नाथ स्वामी का रथयात्रा महोत्सव शुक्रवार को शहर में अपार उत्साह, उमंग और हर्षोल्लासमय वातावरण में मनाया गया। पिछले दो सालों से कोरोना संक्रमण की वजह से रथयात्रा महोत्सव का आयोजन नहीं किया गया था। दो सालों के ब्रेक के बाद जब कल शुक्रवार को रथयात्रा शहर में निकली तो भगवान जगदीश स्वामी की एक झलक पाने, पूजा-अर्चन करने और प्रसाद पाने के लिए हजारों लोगों का सैलाब सड़कों पर उमड़ पड़ा। आलम यह था कि जगन्नाथ चौक से लेकर आजाद चौक, शेर चौक, झंडा बाजार तक सड़क पर पैर रखने की जगह तक नहीं थी। साल दर साल ऐतिहासिक रूप ले रही रथयात्रा महोत्सव ने कल नए कीर्तिमान बनाए। रथ पर बलभद्र और सुभद्रा के साथ विराजमान भगवान जगन्नाथ की झांकी का श्रृंगार बहुत ही सुंदर और भव्य किया गया था। रथ को भक्त श्रद्धापूर्वक और भक्तिभाव से खींचते हुए ले जा रहे थे। इस दौरान रथ यात्रा जहां से भी जा रही थी, वहां लोगों ने भगवान का पूजन कर आर्शीवाद लिया। अब 7 दिनों तक भगवान जगन्नाथ सब्जी मंडी स्थित राधाकृष्ण मंदिर में विराजेंगे। इसके पहले भगवान जगदीश स्वामी की भव्य रथयात्रा पूजन के बाद निकाली गई। यात्रा में हर ओर गुलाब की पंखुड़ियां समेत अबीर गुलाल उड़ रहा था। निर्धारित मार्ग से रथयात्रा धीरे धीरे राधाकृष्ण मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। रथयात्रा जगन्नाथ तिराहा से प्रारंभ होकर आजाद चौक, शेर चौक, लक्ष्मीनारायण मंदिर, झंडा बाजार, सुभाष चौक, हनुमान मंदिर होते हुए सब्जी मंडी स्थित श्रीराधा-कृष्ण मंदिर पहुंची।

### झांकियों ने मोहा मन

रथयात्रा के पीछे देवी-देवताओं का स्वरूप लिए बच्चे और बड़े विराजे हुए थे। बैंड की धुन पर श्रद्धालु नृत्य कर रहे थे। रथयात्रा में जीवंत झांकियां आकषर्ण का केंद्र रहीं। राधा.कृष्ण व गोपियों के नृत्य ने लोगों का मन मोहा। अखाड़ों का हैरतअंगेज कर्तब देख लोग हतप्रभ रह गए। लोगों ने पुष्पवर्षा के साथ आरती की। श्रद्धालुओं में रथ खींचने की होड़ लगी रही। 5 बजे के लगभग शुरू हुई रथयात्रा देरात सब्जी मंडी स्थित मंदिर पहुंची।

### महापौर उम्मीदवारों ने उतारी आरती, लिया आशीर्वाद



जगन्नाथ चौक में भगवान जगदीश स्वामी की रथयात्रा शुरू होने के पहले महापौर पद के उम्मीदवारों भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ज्योति दीक्षित, कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती श्रेहा खंडेलवाल एवं पूर्व पार्षद श्रीमती शिल्पी सोनी, अनामिका सोनी, नगीना सोनी, सरिता गुप्ता ने भगवान जगदीश स्वामी की आरती उतारकर पूजन अर्चना की। इस अवसर पर विधायक संदीप जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिथलेश जैन, शशांक श्रीवास्तव, अश्वनी गौतम, रवि खरे, मृदुल द्विवेदी, आशीष गुप्ता, आशीष तिवारी, राजा जगवानी, करण सिंह चौहान सहित जगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सरावगी, सचिव शिव सोनी, रथयात्रा संयोजक विजय ठाकुर, भोलू ठाकुर, अनुराग त्रिसोलिया, शिशिर टुड़हा, शंभू शरण मिशा, नटवर लाल कोटक, मुरली अग्रवाल, विजय पटेल, राजेश तिवारी, नरेश ताम्रकार, विनोद मिश्रा, विपिन दुबे, राजकुमार यादव, प्रकाश गुप्ता, उमाशंकर छिरौल्या, मूलचंद नामदेव, महेश नामदेव, ओम प्रकाश पुरवार, सिद्धार्थ गौतम, भरत गुप्ता, प्रदीप महाराज, आकाश टुड़हा, शेखर महतेले, संजीव कुशवाहा, आदर्श टुड़हा, मनीष शर्मा की उपस्थिति रही।

### जगह.जगह स्वागत, उतारी गई आरती

रथ यात्रा शुरू होते ही पूजन के लिए होड़ मची। जगह-जगह लोगों ने भगवान की सुंदर आरती उतारकर महाआरती की। एक से बढ़कर एक भगवान को भोग अर्पित किए। इस दौरान सामाजिक संगठनों, व्यापारियों ने रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। रथ यात्रा में शामिल लोगों के लिए जलपान आदि की व्यवस्था की गई। रथ यात्रा में कौमी एकता की भी मिसाल भी दिखी। सभी धर्मों के लोग शामिल हुए। रथ यात्रा में भोग में भात का वितरण हुआ।



जिला पंचायत के चुनाव में विजयी होने के बाद जीत का जश्न मनाते कार्यकर्ता।

# प्रतिष्ठापूर्ण मुकाबले में 12 हजार वोटों से आगे अशोक

## जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 से तय मानी जा रही जीत



**दूसरे नंबर पर रहे कांग्रेस नेता राकेश द्विवेदी गुड्डू, बाद में घोषित होंगे अधिकृत परिणाम**

कटनी (यशभारत)। पंचायत चुनाव के दूसरे चरण का मतदान संपन्न होने के बाद वोटों की गिनती का काम आज तड़के तक चलता रहा। वोटों की गिनती का काम पूरा होने के बाद हालांकि अधिकृत परिणाम घोषित नहीं हुए हैं लेकिन खबरों के मुताबिक जिला पंचायत कटनी के क्षेत्र क्रमांक 8 से अशोक विश्वकर्मा करीब 12 हजार मतों से आगे चल रहे हैं। दूसरे नंबर पर कांग्रेस नेता राकेश द्विवेदी गुड्डू हैं। इस क्षेत्र से निवर्तमान जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा की जीत तय मानी जा रही है। आधा दर्जन से ज्यादा दिग्गज नेताओं की मौजूदगी से यह चुनाव काफी प्रतिष्ठापूर्व बन गया था। जिसमे भाजपा से निवर्तमान जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव के भतीजे युवा भाजपा नेता अक्षय श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष पटेल के पुत्र अजय तो कांग्रेस से किसान नेता राकेश द्विवेदी गुड्डू, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय पटेल एवं पूर्व मंडी सदस्य शिवकुमार जालिम यादव शामिल है। यहां पिछले एक पखवाड़े से सभी उम्मीदवार सघन जनसंपर्क कर रहे थे। पूरे जिले की इस चुनाव पर नजरें टिकी हुई थी। विदित हो कि अधिकृत परिणामों की घोषणा बाद में की जाएगी। इस क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में वोटों की गिनती का काम सुबह 5 बजे तक चलता रहा। इसके उपरांत पीठासीन अधिकारियों द्वारा सारणीयन किया गया। मतदान केन्द्रों में उपस्थत अभिकर्ताओं द्वारा प्रत्याशियों को परिणामों की जानकारी दी गई। इसी तरह जिला पंचायत कटनी के क्षेत्र क्रमांक 7 से मोहनी देवी अखिल पांडेय भी बढ़त बनाए हुए हैं। दूसरे नंबर पर कोका पूनम शुक्ला एवं तीसरे नंबर वंदना अवनीश तिवारी के होने की जानकारी मिली है।

# अनुकरणीय रहा 21 सालों का कार्यकाल, याद की जाएंगी सेवाएं

## शासकीय सेवा पश्चात आबकारी विभाग से रिटायर हुए वरिष्ठ कर्मचारी महेन्द्र सेन





**अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दी भावभीनी बिदाई**

**कटनी (यशभारत)।** आबकारी विभाग में विगत 21 वर्षों तक अपनी सेवाएं देने के पश्चात वरिष्ठ कर्मचारी महेंद्र सेन गत दिवस सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति के अवसर पर आबकारी विभाग ने गरिमामय बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिला आबकारी अधिकारी आर के बघेल, सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी पी केवट सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों, स्टाफ एवं परिवारजनों ने श्री सेन का गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया एवं उनके दीर्घायु होने की कामना की। महिला अधिकारियों द्वारा महेन्द्र सेन की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन सेन एवं परिवारजनों का गुल्दस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला आबकारी अधिकारी आर के बघेल ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे महेन्द्र सेन का कार्यकाल सराहनीय रहा। उन्होंने 21 वर्षों तक विभाग में रहकर पूर्ण अनुशासन के साथ शासकीय दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि महेन्द्र सेन का कार्यकाल हमेशा याद किया जाएगा। सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी पी केवट ने कहा कि महेन्द्र सेन ने आबकारी विभाग में जबलपुर से सेवा की शुरूआत की थी और उन्होंने 21 वर्षों तक विभाग की सेवा की। अपने कार्यकाल के दौरान वह हर समय तत्पर रहते थे। आज वे भले ही शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं लेकिन विभाग और स्टाफ का उनसे हमेशा जुड़ाव रहेगा। इस अवसर पर अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी अपने उद्‌बोधन में महेन्द्र सेन के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि वे बेहद मिलनसार और ड्यूटी के प्रति ईमानदार रहे। आबकारी विभाग में उनकी सेवाएं हमेशा याद की जाएंगी। श्री सेन ने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरी जब भी जरूरत पड़ेगी, में हर समय सेवा के लिए तैयार हूं। कार्यक्रम के उपरांत फूलों से सुसज्जित वाहन पर श्री सेन को आबकारी विभाग से घर की ओर परिजनों के साथ रवाना किया गया। उपस्थित सभी जनों ने करतल ध्वनि से अभिनंदन किया। इस मौके पर लल्लू नापित, संतोष सेन, निशा सेन, मनोज सेन, श्रद्धा श्रीवास, साध्वी निगम, लालजी पटेल, पत्रकार आशुतोष शुक्ला, विवेक शुक्ला, आशीष रैकवार, भवानी तिवारी, राहुल सेन, रोहित सेन, अंकुश रजक, अभिषेक शुक्ला, अज्जू भाईजान, तपन निषाद, अनंत चतुर्वेदी, अमित तिवारी, आशु राय, राहुल उपाध्याय, हेमंत सिंह सहित आबकारी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, स्नेहीजनों, मित्रों व परिवार के सदस्यों की उपस्थिति रही।



# अग्रवाल समाज ने प्रभु की उतारी आरती, पुष्पवर्षा का अभिनंदन

**कटनी (यशभारत)।** मप्र अग्रवाल महासभा, मप्र अग्रवाल महिला महासभा एवं मप्र अग्रवाल युवा महासभा ने जगत के नाथ भगवान स्वामी जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान वरिष्ट पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पूजन अर्चन करते हुए प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में पवन मित्तल जिलाध्यक्ष, मुरली मनोहर अग्रवाल, बद्री प्रसाद अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, स्वप्निल अग्रवाल, स्वामी प्रसाद अग्रवाल, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, अनंतराम अग्रवाल, विष्णु कुमार, अनिरुद्ध अग्रवाल, श्रीमती ममता अग्रवाल महिला जिलाध्यक्ष, श्रीमती समीक्षा अग्रवाल सचिव श्रीमती रीता मंत्री, श्रीमती अलका अग्रवाल, श्रीमती साधना, श्रीमति प्रेमलता, श्रीमती स्वाति, श्रीमती रश्मि, श्रीमती रुचि, वैभव अग्रवाल युवा जिलाध्यक्ष, कमलकांत अग्रवाल मंत्री कोषाध्यक्ष, आशीष अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल, अमित बजाज, गौरव, प्राशुल, शुभम, शोभित आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बद्री प्रसाद अग्रवाल पंच व उनके परिवार के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।



# उमरियापान में रथयात्रा का भव्य स्वागत

**उमरियापान, यश भारत।** उमरियापान में भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा परंपरानुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी व्यौहार मोहल्ला स्थित जगदीश स्वामी मंदिर से शाम 5 बजे सामूहिक वैश्य समाज के तत्वाधान में अपार शक्तिभाव से प्रारंभ हुई। रथयात्रा के आगे आगे युवा, बच्चे ढ़ोल तासों की धार्मिक धुनों पर जमकर थिरकत नजर आए। रथयात्रा जैसे ही नगर के मुख्य मार्केट झंडा चौक पहुंची तो भारी संख्या में श्रद्धालु फूल, माला, मीठा, फल लेकर बजरंगबली जी का वेशभूषा धारण किए पंडित जी को ग्रहण कराने आतुर हो गए। शाही रथ पर सवार भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और दाऊ बलराम के दर्शन करने के साथ साथ जगन्नाथ के भात को हजारों श्रद्धालुओं ने पसारे हांथ। रथयात्रा में प्रसाद स्वरूप खिचड़ी का वितरण पूरे रास्ते भर किया गया। इस अवसर पर रथ खींच रहे श्रद्धालु जय जय जगन्नाथए जय श्री राम के जयघोष लगाते हुए आगे बढ़ते जा रहे थे। रथयात्रा का जगह जगह मीठे भात, स्वल्पाहार और शीतल जल से स्वागत किया गया। वहीं रथ में सवार बजरंगबली जी का भेष धारण किए पंडित जी द्वारा सभी श्रद्धालुओं को गदा से आशीर्वाद देते रहे। रथयात्रा व्यौहार मोहल्ला से प्रारंभ होकर सोनी मोहल्ला, अथैया मोहल्ला, झंडा चौक, बड़ी माई मंदिर, हनुमान मंदिर धर्मशाला, झंडा चौक, हनुमान मंदिर, न्यू बस स्टैंड, आशाराम की आढ़त, कटरा बाजार, बर्मन मोहल्ला से होते हुए जगदीश स्वामी मंदिर पहुंची। जहां बारात की भव्य आगवानी जगदीश स्वामी मंदिर समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र पौराणिक, पुजारी ब्रज मोहन वैष्णव, मौजीलाल पौराणिक, राघवेंद्र बाजपेई, नवनिर्वाचित सरपंच अटल ब्यौहार, निक्की बाजपेई, अवधेश पौराणिक, आशीष वैष्णव सहित अन्य लोगों द्वारा भव्यता से गई। विशेष पूजा अर्चना के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर रथयात्रा समिति के अध्यक्ष भागचंद असाटी, गोविंद असाटी, रूपचंद असाटी, राधेलाल असाटीए, नंदकुमार सोनी, नरेश असाटी, राजेश कटारिया, मिश्री असाटी, बड़े बबलू, पप्पू असाटी, पंकज, विजय, प्रमोद असाटी, लालू, बड्डा गुप्ता, मुन्ना, सुक्की, दिन्नू, लाला असाटी, आनंद, सुभाष असाटी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर धर्मलाभ अर्जित किया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल शुरू से अंत चौकन्ना रहा।



# जय जय जगन्नाथ के जयघोषों से गूंजी पावन नगरी

**विजयराघवगढ़ (यशभारत)।** श्री संकट मोचन जगन्नाथ धाम में भगवान जगन्नाथ जी का रथ यात्रा महामहोत्सव प्रातः कालीन बेला में आचार्य पं रामावतार त्रिपाठी, पं रामस्वयंबर मिश्रा, पं ब्रजराज पांडेय ने वैदिक विधिविधान से भगवान जगन्नाथ जी का महाभिषेक षोडशोपचार पूजन, प्रबंध पाठ मध्यान्ह, महाआरती, महाप्रसाद वितरण भगवान जगन्नाथ जी का जयघोष करते हुए हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में प्रबंधक पं जगदीश प्रसाद त्रिपाठी राजा जी, डॉ अनिल मिश्रा, विमलेन्दु पयासी, अनिल शर्मा, रामनारायण गर्ग, मनोज पयासी, राजू गुप्ता, आनंद अवस्थी, विपिन सोनी, माधुरी मिश्रा, शिवकुमार पांडेय, पुष्पा राजेन्द्र सोनी, हरीश दुबे, मनोज गुप्ता, अजीत पांडेय, सुभाष गुप्ता, सुरेन्द्र दुबे, प्रमोद गुप्ता, जमुना दुबे, एम एल नामदेव, जमुना गुप्ता, अजय त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार जागेश्वर मिश्रा, मो लईक, कालीचरण बड़गैंया, श्यामलाल नामदेव, अशोक गुप्ता, पद्मा ताम्रकार, कृष्णा सोनी, सरस्वती अरुण मिश्रा, लक्ष्मण यादव, संतोष गुप्ता, राजेन्द्र पाटकर, अजय गर्ग, श्रीनिवास पांडेय, पुजारी श्याम जी महाराज, केशव पांडेय, अभिषेक सनोडिया, अनिल बर्मन, आशीष मिश्रा, राजेश गर्ग सहित भारी संख्या में भक्त जन उपस्थित रहे।



**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

From 01st July 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL




Tuesday Offer
@99/-
Available On All Seats Except Recliners
Paytm
bookmyshow
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# निर्वाचन व्यय का लेखा दो दिव1स में प्रस्तुत करें- एआरओ

**निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने पर पार्षद पद के 26 अभ्यार्थियों को सूचना पत्र**

**कटनी, यशभारत। नगरीय निकायों के महापौर एवं पार्षद अभ्यर्थी हेतु निर्वाचन व्यय लेखा संधारण और प्रस्तुति नाम निर्देशन प्रस्तुत किये जाने के तिथि से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तिथि तक का दिन प्रतिदिन के व्यय का निरीक्षण कराये जाने के प्रावधान है। इसके तहत अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन व्यय के दिन प्रतिदिन के लेखे का रजिस्टर संबंधित व्हाउचरों तथा देयकों के साथ किसी भी समय, रिटर्निंग आफिसर या जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रेक्षक या आयोग द्वारा इस संबंध मे प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा मांग करने पर तत्काल निरीक्षण के लिए पेश किया जायेगा और ऐसा करने में असफलता को अभ्यर्थी की ओर से इस आदेश का अनुपालन करने में एक गंभीर चूक माना जायेगा।**

सहायक रिटर्निंग आफिसर नगर निगम ने बताया कि जारी निर्देशों के परिपालन में कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन कटनी के आदेशों के माध्यम से निर्धारित दिनांकों को समाचार पत्रों मे भी सूचना का प्रकाशित कराया गया एवं कार्यालयीन पत्रों के माध्यम से भी अवगत कराया गया हैए साथ ही दूरभाष में भी सूचित किया गया है। किन्तु इसके बावजूद भी संबंधित 26 पार्षद पद के अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित तिथि में निर्वाचन व्यय का लेखा निरीक्षण कराये जाने मे असफल रहने एवं अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा निर्धारित तिथि 27 जून को उपस्थित होकर निर्धारित प्रोफार्मा मे व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया।

सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा नगर निगम पार्षद पद के 26 अभ्यर्थियों रफी अहमद किदवई वार्ड के दो पार्षद अभ्यर्थियों सुनीता विनोद श्रीवास एवं राधा बर्मन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के एक अभ्यर्थी रीनू कैलाश कुशवाहाए राम जानकी हनुमान वार्ड के तीन अभ्यर्थियों अंजली ओम प्रकाश चौधरी, मीरा जायसवाल राजू जायसवाल, रागिनी मनोज गुप्ता, बाबू जगजीवन राम वार्ड के दो अभ्यर्थियों फातिमा आपफताब, माया आशू तिवारी, शिवाजी वार्ड के दो अभ्यर्थियों सुनील श्रीवास एडव्होकेट एवं भाई गुप्तेश्वर साहू बेईमान, वेंकट वार्ड के दो अभ्यर्थियों अजय कुमार, संतोष सिंह आर्य, रघुनाथ गंज वार्ड के दो अभ्यर्थियों श्रीयांश हनी बरसैंया, पवन यादव, ईश्वरी पुरा वार्ड से नगमा जाफरए बीण्डी अग्रवाल वार्ड के दो अभ्यर्थियों वेंकट खंडेलवाल, संजीव सूरी, मदन मोहन चौबे वार्ड के दो अभ्यर्थियों सुशीला मिश्री लाल, अलका गोंड, नेहरू वार्ड के पांच अभ्यर्थियों मायाबाई रामकिशोर कुशवाहाए बिन्दु धरमपाल सिंह, धीरेन्द्र द्विवेदी, राजरूप राजू सीएलपी पाठक वार्ड से दो अभ्यर्थियों अरूणा छकौडीलाल एवं कुसुम अवस्थी, कुल 26 पार्षद पद के अभ्यार्थियों के विरूद्ध मण्प्रण् नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 14.ख और मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 32 .ख में निहित प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही किये जाने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया है। सहायक रिटर्निंग आफिसर नगर निगम द्वारा जारी सूचना पत्र में अभ्यर्थियों को दो दिवस के अंदर स्वयं अथवा निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन व्यय का लेखा एवं जवाब प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित कर अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही का लेख किया गया है।

# उत्साह से लबरेज मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर किया मतदान



## जिले मे त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में वृद्धों और युवाओं ने दिखाया भरपूर उत्साह

**कटनी यशभारत।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दूसरे चरण मे शुक्रवार को कटनी एवं बड़वारा जनपद पंचायत के मतदान केन्द्रों में उत्साह से लबरेज मतदाताओं ने मतदान किया। सुबह से ही मतदान केन्द्रों में लंबी-लंबी कतार देखने को मिलीं। जहां वृद्ध और दिव्यांगों के साथ-साथ बड़ी संख्या में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया।

## मतदान की मैदानी स्थिति का लिया जायजा

जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दूसरे चरण में शुक्रवार को कटनी और बड़वारा जनपद क्षेत्रों में शांतिपूर्ण निष्पक्ष व निर्विध्न मतदान सुनिश्चित कराने के उद्बेश्य से कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने सुबह से ही मतदान अवधि के दौरान मतदान केन्द्रों का दौरा कर मैदानी स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने संयुक्त रूप से जनपद क्षेत्र कटनी के ग्राम मझगवां फाटक, चनहेटा, हरदुआ एवं देवडोंगरा, उमरिया, जगतपुर, बड़वाराए जुहली एवं अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने मतदान दलों से मतदान की स्थिति की अद्यतन जानकारी एवं निर्धारित मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। मतदान दलों एवं सुरक्षा कर्मियों से मतदान एवं मतदगणना के दौरान शांतिपूर्णए निष्पक्ष एवं निर्विघ्न मतदान कराने के निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने ग्रामीण जनों में मताधिकार के प्रति उत्साह को देखते हुए मतदाताओं की सराहना की। श्री मिश्रा ने मतदान एमतगणना एवं निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने तक ग्रामीण जनों से सहयोग करने को कहा एवं बुजुर्गए दिव्यांग एवं प्रथम बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं से भी संवाद किया। पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने मतदान केंद्रों में तैनात सुरक्षा कर्मियों एवं पुलिस बल से निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होने तक सजग एवं सतर्क रहकर दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष निर्वाचन कराने हेतु पुलिस अमले को निर्देश दिए। इस दौरान जिले के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।

### पहली बार किया मतदान

पंचायत चुनाव मे जनप्रतिनिधि चुनने के लिए उत्साहित युवाओं ने मतदान मे खासी दिलचस्पी दिखाई। शासकीय प्राथमिक शाला गुलवारा मे बने मतदान केन्द्र में 19 वर्षीय युवा सुलोचना ने मतदान किया और लोगों को भी मतदान करने की अपील की। जबकि गनियारी मतदान केन्द्र मे 19 वर्षीय शिवानी हल्दकार और 18 वर्षीय मनीष कोरी ने पहली बार मतदान करने के बाद खुशी का इजहार किया। जबकि बड़वारा के उमरिया जगतपुरए मतदान केन्द्र मे 19 वर्षीय शिवानी विश्वकर्मा ने एवं ग्राम मोहनी के मतदान केन्द्र में तोताबाई ने पूरे उत्साह से मतदान किया। वहीं मझगवां मतदान केन्द्र मे छैघरा निवासी 19 वर्षीय राजकुमारी ने भी पहली बार मतदान किया।

### दिव्यांगों ने दिखाया हौसला

शासकीय माध्यमिक शाला गनियारी के मतदान केन्द्र मे 47 वर्षीय दिव्यांग राजेन्द्र प्रसाद ने लोकतंत्र के प्रति अपना अधिकार समझते हुए अपने पुत्र जितेन्द्र चौधरी के साथ मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल मे बैठकर मतदान केन्द्र पहुंचे और उत्साह पूर्वक मतदान किया। गनियारी मे ही 50 वर्षीय दिव्यांग मनोज तिवारी ने भी मतदान किया और सभी से मतदान करने का आग्रह किया।

### मतदान की मुस्कान

पंचायत निर्वाचन में शुक्रवार के मतदान में वृद्धों ने सक्रिय भागीदारी निभाई चेहरे मे झुर्रियां और अनुभव को समेटे मतदान केन्द्र पहुंचेए वृद्धों मे मतदान के प्रति खासा उत्साह दिखा। मतदान केन्द्र कैलवारा खुर्द कटनी में 77 वर्षीय दुर्गा दुबे ने अपने पोते के साथ पहुंचकर मतदान किया। वहीं प्राथमिक शाला गनियारी के मतदान केन्द्र में अपने नाती सत्यम और शुभम गर्ग के साथ पहुंचकर 79 वर्षीय गुलाब बाई ने पूरे उत्साह से मतदान किया। मदारी टोला भोले नगर निवासी 61 वर्षीय प्रकाश सिंह ने बड़वारा के उमरिया, जगतपुर के साथ ही प्राथमिक शाला मे बने मतदान केन्द्र में मतदान किया। जबकि गनियारी मे 76 वर्षीय कोमल प्रसाद साहू और बम्हनऊ मोहल्ला निवासी 70 वर्षीय सरस्वती बाई ने गनियारी मे वोट डाला।

# ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम कछारगांव में अनियंत्रित होकर पलटा आटो

**कटनी यशभारत।** विगत 30 जून को तहसील ढीमरखेड़ा के ग्राम कछारगांव बडा से हल्का रोड मुडिया घाट बसेहरा में संतोष रजक के खेत के बगल से आटो क्रमांक डच् 20 स्क् 2933 अनियंत्रित होकर पलटने के संबंध में तहसीलदार ढीमरखेड़ा द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रभारी तहसीलदार प्रियंका नेताम के प्रतिवेदन अनुसार आटो चालक का नाम मुकेश पिता किशन साहू कछारगांव बडा निवासी है। आटो मे लगभग 24 व्यक्ति महिला एवं पुरूष सवार थेए सभी सवारी बोदा ग्राम के निवासी हैए आटो पलटने से मौके पर दो महिलाओं की मृत्यु हो गयी, जिनका नाम मंगो बाई पति सुम्मत सिंह उम्र 55 वर्ष निवासी एवं विद्या बाई पिता मदन सिंह उम्र 21 वर्ष ग्राम बोदा है। तीन घायलों अनामिका पुत्रि सुभद्रा गौड उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम कुदवाराए टिकों बाई पति लुहारी गोंड उम्र 65 वर्ष निवसी बोदा एवं फूलबाई पति भुटट्न सिंह उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम बोदा को जबलपुर मेडिकल कॉलेज इलाज हेतु रिफर किया गया है। तीन घायलों तिज्जो बाई पति ओमकार कोल 42 वर्ष, निवासी बोदा, रामकुमारी पति गणेश गोंड उम्र 35 निवासी बोदा एवं गायत्री पति धूप सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम बोदा को कटनी जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

# निर्वाचन प्रेक्षक ने किया बड़वारा व कटनी जनपद केन्द्रों का निरीक्षण



**कटनी यशभारत।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत शुक्रवार को कटनी और बड़वारा जनपद पंचायत क्षेत्र में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के लिए द्वितीय चरण का मतदान हुआ। मतदान प्रक्रिया सहित मतदान की व्यवस्थाओं का राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक शैलेन्द्र खरे द्वारा बड़वारा एवं कटनी जनपद क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया। श्री खरे द्वारा इमलिया, मझगवां, अमाड़ी के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया जाकर मतदान केन्द्रों में मतदान के प्रतिशत की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मझगवां प्राथमिक शाला में निर्मित मतदान केन्द्र में दोपहर 1 बजे तक लगभग 74 प्रतिशत मतदान होने पर टीम को पुरस्कृत करने की बात कही। प्रेक्षक श्री खरे द्वारा रोहनियां, अमाडी, मिड़रा, मझगवां, बसाड़ी, सल्हना, भनपुरा क्रमांक-2, बिचुआ, शाहपुर, केवलारी, हीरापुर कौडिया, छहरी, बड़खेरा, हरदुआ एवं अन्य मतदान केन्द्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कुछ मतदान केन्द्रों में मतदान की गति धीमी पाये जाने पर मतदान की गति बढाने एवं शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया हेतु मतदान दलों एवं सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान नायब तहसीलदार सुनीता मिश्रा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मतदान दलों को सुविधा प्रदान करने कलेक्टर ने दिये निर्देश

**कटनी (यशभारत)।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2022 की प्रक्रिया प्रचलन मे है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित करने के दृष्टिगत रखते हुए मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन सामग्री, वितरण एवं वापसी स्थल पर चिन्हित बिन्दुओं पर सतत् रूप से उद्घोषणा करने के निर्देश दिये है, ताकि मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री प्राप्त करने, वापसी और मतदन केन्द्रों में असुविधा न हो। कलेक्टर श्री मिश्रा ने मतदान दलों को निर्देश दिये है कि वे प्राप्त सामग्री का मिलान सावधानी पूर्वक कर लें। अभ्यर्थियों के नमूना हस्ताक्षर एवं मतपत्र पर घूमते तीरों वाली सील के ठीक होने का परीक्षण भी कर लेवें। मतपत्रों का मिलान प्रथम और अंतिम क्रमांक देखकर नही बल्कि गणना करते हुए करें।

पंच पद, के मतपत्र जारी करते समय वार्डवार रखें। मतपेटी खोलने/बंद करने, मतपत्र के सिंगल/डबल फोल्ड करने का अभ्यास भी सतत् रूप से मतदान दल करें। मतदान का समय समाप्त होने के बाद मतदाताओं को वितरित की गई पर्चियॉ शत प्रतिशत वापस ले लें, एवं एक दिन पूर्व कम से कम 100 पर्चियॉ तैयार कर लें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मिश्रा ने कहा कि मतदान केन्द्र पर पुनर्गणना एवं अपरिहार्य स्थिति में मतगणना स्थगित होने की दशा में संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर स्तर पर मतगणना हेतु निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करें। निर्धारित प्रक्रिया के संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप एवं मास्टर ट्रेनर से संवाद कर विधिमान्य कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्वाचन प्रक्रिया को सहज, सुलभ एवं पारदर्शी बनाये रखने हेतु मतदान केन्द्र पर निरीक्षण करने आये सेक्टर अधिकारी या निर्वाचन आयोग से अनुमति प्राप्त अधिकारियों के हस्ताक्षर विजिट शीट पर अनिवार्य रूप से लेने के निर्देश दिये है। उन्होने यह भी कहा कि पीठासीन अधिकारी मतदान दल के सदस्यों से क्षमता के अनुसार कार्य करायें।

# उत्साह से मना जनपरिषद का 33वां स्थापना दिवस

## समाजसेविका कविता जगवानी का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान




**कटनी।** जनपरिषद चेप्टर कटनी के संरक्षक मनोहर मनोज के मार्गदर्शन में चुनावी परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए 30 जून को एक काव्य विचार गोष्ठी कर जनपरिषद का स्थापना दिवस मनाया गया। जनपरिषद चेप्टर कटनी के अध्यक्ष डॉ राजेश प्रखर द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेविका कविता जगवानी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया एवं उपस्थित सदस्यों द्वारा गीत, गजल मुक्तक का काव्य पाठ करते हुए विचार रखे गए। डॉ राजेश प्रखर द्वारा सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था जनपरिषद के रचनात्मक कार्यों पर प्रकाश डाला गया एवं एक चुनावी व्यंग्य रचना का काव्य पाठ किया। आशीष पटेल द्वारा शानदार गीत प्रस्तुत किया गया। नित्यानंद पाठक द्वारा श्रृंगार के मुक्तकों से कार्यक्रम को रसमय बना दिया गया। संस्था के उपाध्यक्ष अजय खरे पंकज द्वारा जनपरिषद की तैतीस वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए अपने उद्गार व्यक्त किए। श्रीमती गीतांजलि श्रीवास्तव द्वारा जनपरिषद में मातृ शक्ति की भूमिका पर विचार रखे। अंत में जनपरिषद महिला विंग की अध्यक्ष नीलम जगवानी द्वारा जनपरिषद चेप्टर कटनी की आगामी कार्य योजना प्रस्तुत करते हुए अपने विचार रखे एवं आभार प्रदर्शन किया।

# सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 12 युवतियों को मिला रोजगार








## एसीसी के सीएसआर और शाही एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में संचालित हो रहा कार्यक्रम

**कैमोर (यशभारत)।** एसीसी ट्रस्ट द्वारा सीएसआर के माध्यम से कैमोर और इससे लगे आस पास के क्षेत्र में अनेक रोजगारमूलक और कल्याणकरी कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं जिनका सीधा लाभ हितग्राहियों को मिलता है। इसी कड़ी में सीएसआर और शाही एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में जरूरतमंद युवतियों एवं महिलाओं को औद्योगिक सिलाई प्रशिक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा। सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त पांचवे बैच की 12 युवतियों को कल जॉब ऑफ़र लेटर देकर स्थायी नियुक्ति प्रदान की गई। रोजगार प्राप्त करने वाली इन युवतियों ने 45 दिन का औद्योगिक सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त किया था। इन युवतियों को दिशा सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शाही एक्सपोर्ट द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए। इसके साथ ही सिलाई प्रशिक्षण के छठवें बैच का शुभारंभ भी किया गया जिसमें 20 युवतियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। ये रोजगारमूलक कार्यक्रम एसीसी के डायरेक्टर प्लांट के आर रेड्डी के निर्देशन एवं एसीसी ट्रस्ट प्रमुख एनेट एफ विश्वास के मार्गदर्शन में संचालित किए जा रहे। रोजगार के अलावा कुपोषण उन्मूलन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं पर्यावरण के क्षेत्र में भी एसीसी ट्रस्ट और सीएसआर अहम भूमिका निभा रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दिशा सेंटर कैमोर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों ने ईश-वंदना करते हुए की। पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त करके वर्तमान मे बैंगलोर के शाही एक्सपोर्ट्स के प्रोडक्शन इकाई में कार्यरत 4 युवतियां-प्रांजल राजपूत, काजल सिंह, आरती बर्मन और सम्मा सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अपने अभिवावक और अन्य सभी से बात किया और अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेड माइनिंग मनोज शंकर सिंह और हेड फाइनेंस शिवपूजन गुप्ता ने 12 युवतियो को प्रशिक्षण उपरांत सर्टिफिकेट प्रदान किए। साथ ही सभी युवतियों को जॉब आफर लेटर देते हुए प्रोत्साहित किया और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शाही एक्सपोर्ट्स के स्टेट स्किल्स हेड दीपांकर खुटिया एवं स्टेट सीएसआर हेड शुभाशीष दास की विशेष उपस्थिति रही। प्रशिक्षार्थी ममता सिंह और सविता सिंह ने अपने अनुभवों को भी साझा किया। जॉब आफर लेटर प्राप्त करने पर सभी बच्चे खुश, भावुक और उत्साहित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एसीसी सीएसआर टीम से ऐनेट एफविश्वास, पंकज द्विवेदी, सीके गुप्ता एवं ट्रेनर शालू, अर्चना, पुष्पा और अरुणा व शाही एक्सपोर्ट्स से दीपांकर और सुभाशीषदास की विशेष भूमिका रही। शाही एक्सपोर्ट्स भारत के बड़े गारमेंट निर्माण एवं निर्यात कंपनीयों मे से एक हैं, जिनके बेंगलुरु इकाई में काम करने हेतु, प्रशिक्षण प्राप्त ये स्थानीय युवतियाँ प्रस्थान करेंगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता से सभी अभिभावक एवं प्रशिक्षण प्राप्त युवतियों मे अत्यंत उत्साह है।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

सिटी न्यूज
www.yashbharat.com
कटनी, शनिवार 02 जुलाई 2022
फोन- 230033
यशभारत
8

# जंगल में लटकती मिली लापता युवक की लाश

## परिजनों ने लगाया हत्या कर लाश फंदे पर लटकाने का आरोप, घटना से बड़वारा के ग्राम भदौरा व मझगवां में सनसनी




**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना ग्राम भदौरा से लगभग 15 दिन पूर्व से लापता एक 23 वर्षीय युवक की आज सुबह ग्राम मझगवां के समीप जंगल में पेड़ से लटकी लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी लगते ही भारी संख्या में ग्राम भदौरा व आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मामले में परिजनों ने हत्या का संदेह व्यक्त किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम भदौरा निवासी 23 वर्षीय रविकांत कुशवाहा किसी वेयर हाऊस में काम करता था। बताया जाता है कि लगभग 15 दिन पूर्व रविकांत अचानक लापता हो गया। परिजनों ने उसकी अपने स्तर पर काफी खोजखबर ली लेकिन जब उसका कहीं कोई पता नहीं चला तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने भी गुमइंसान कायम करते हुए रविकांत की तलाश शुरू की लेकिन पुलिस को भी इसमें सफलता नहीं मिली। बताया जाता है कि आज सुबह कुछ ग्रामीण किसी काम से ग्राम मझगवां के समीप जंगलों में गए तो वहां एक पेड़ के सहारे फंदे में लटकता एक युवक का शव दिखाई पड़ा। जिसके बाद यह सूचना पुलिस तक पहुंची। पुलिस मौके पर पहुंची और लापता रविकांत के परिजनों को बुलाकर शिनाख्त कराई तो परिजनों ने फंदे पर लटकते शव की शिनाख्त लापता रविकांत कुशवाहा के रूप में कर ली। वहीं परिजनों ने इस मामले में हत्या का संदेह व्यक्त किया है। परिजनों का कहना है कि रविकांत की हत्या कर उसकी लाश को फंदे पर लटकाया गया। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस को मामले में रविकांत की पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार है। जिसमें मौत के कारणों का खुलासा होगा। पीएम रिपोर्ट के बाद मामले में आगें कार्रवाई की जाएगी।


जीवित अवस्था का चित्र

### ग्रामीणों ने किया चकाजाम

उधर इस मामले को लेकर आज सुबह लाश मिलने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कटनी-शहडोल राष्ट्रीय राजमार्ग पर चकाजाम कर दिया। आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों की मांग की थी रविकांत के हत्यारों पर मामला दर्ज कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी की जाए।

### मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी

लापता युवक रविकांत कुशवाहा की लाश मिलने व चकाजाम की जानकारी लगने के बाद पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह, उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय शालिनी परस्ते, कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, एनकेजे थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय, रंगनाथनगर थाना प्रभारी नितिन कमल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों को समझा बुझाकर चकाजाम समाप्त कराने के प्रयास करने लगे, जो समाचार लिखे जाने तक जारी थे।

# वृद्ध व किशोर ने लगाई फांसी

### विजयराघवगढ़ व बरही में घटना

**कटनी, यशभारत।** बरही व विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत दो अलग-अलग घटनाओं में एक 60 वर्षीय वृद्ध व एक 16 वर्षीय किशोर द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार ग्राम सिनगौड़ी के समीप आदिवासी मोहल्ला निवासी 16 वर्षीय रज्जन पिता कमलेश कोल के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। इसी प्रकार बरही में 60 वर्षीय मोहम्मद हासिम मिस्त्री देररात फांसी के फंदे में झूल गया। सुबह परिजनों ने फांसी में लटके हासिम को देखकर हतप्रभ रह गए। घटना की सूचना परिजनों ने बरही पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने अधिकार में लेकर पंचनामा कार्यवाई उपरान्त पोस्टमार्टम के लिए बरही अस्पताल भेज दिया। हासिम मिस्त्री ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थियों में आकर उठाया, इसकी पड़ताल करने में बरही पुलिस जुट गई है।

# चीनी चेलानी का स्वागत जुलूस आज शाम

**कटनी, यशभारत।** कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए रूपचंद चीनी चेलानी का स्वागत जुलूस आज शाम दिलबहार चौक से निकाला जा रहा है। जानकारी के मुताबिक रेलवे स्टेशन दिलबहार चौक से शुरू होकर जुलूस मेनरोड, सुभाष चौक, सराफा बाजार, शेरचौक, आजाद चौक, मिशन चौक होते हुए माधवनगर पहुंचकर समाप्त होगा। इस दौरान जगह-जगह भाजपा नेता चीनी चेलानी का मित्र मंडल द्वारा स्वागत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले उन्होंने भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं विधायक संजय पाठक की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। बाद में उन्होंने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा से भी आशीवार्द लिया।

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें
www.yashbharat.com

प्लॉट बिकाऊ हैं
यादव गैस एजेंसी, विवेकानंद वार्ड लखेरा, कटनी में 1925 फीट का प्लॉट कीमत 600/- वर्गफुट डबल रोड एवं पाठक वार्ड सन्यासी बाबा गली, कटनी में 900 फीट कीमत 2000/- वर्गफुट विथ डायवर्सन प्लॉट बिकाऊ हैं।
संपर्क-जूली गुप्ता, मो. 8818908382

SCRI | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर में उपलब्ध
डॉ. अभिषेक जैन
M.Ch.- Onco-surgeon
Senior Consultant Breast and Thoracic Onco-surgeon
3-D VATS Surgery Specialist
4-5 जुलाई, 2022 | सुबह 10.00 से 5.00 बजे तक
Book Your Appointment : 91 9909953166
शैल्बी हॉस्पिटल्स, अहिंसा चौक, विजयनगर, जबलपुर

HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com

चुनाव प्रचार सामग्री
फ्लैक्स बैनर | विजिटिंग कार्ड
पोस्टर, स्टीकर | टी-कैप, टोपी
पम्फलेट | झण्डा, पटका
बैलेट पेपर नमूना | लड़ी झालर
बाईक झण्डा, स्टीकर | बिल्ला, वोटर पर्ची
नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत, जिला पंचायत एवं सभी राजनीतिक दलों और आजाद उम्मीदवारों की चुनाव प्रचार सामग्री तैयार की जाती है।
कृष्णा ट्रेडर्स
सुभाष चौक (अंग्रेजी शराब दुकान के बाजू में) कटनी (म.प्र.)
Mob. 9981670040, 9009670040

डॉक्टर्स दिवस के उपलक्ष्य में
डॉ. मुखर्जी पी जी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल एवं लाइफ केयर आईसीयू
निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर
रविवार, 03 जुलाई 2022, सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
हड्डी रोग विभाग: डॉ. अभिजीत मुखर्जी, डॉ. विनोद जैन, डॉ. तन्मय सरकार, डॉ. शरद नेमा
मेडीसिन विभाग: डॉ. सुरेश पटेल, डॉ. पुनीत भल्ला
मस्तिष्क रोग विभाग: डॉ. हर्ष सक्सेना, डॉ. प्रशांत कुशवाहा
छाती रोग विभाग: डॉ. अखिलेश पटेल
किडनी रोग विभाग: डॉ. विशाल वडेरा
स्त्री रोग विभाग: डॉ. शुभदा तिवारी
फिजियोथैरेपी विभाग: डॉ. ऋषि वंशपाल, डॉ. रजनी चौधरी
दंत रोग विभाग: डॉ. नेहा चंसोरिया
मूत्र रोग विभाग: डॉ. फणीन्द्र सिंह सोलंकी
शिविर में उपलब्ध निःशुल्क जाँचें
• हड्डी की कमजोरी • ब्लड प्रेशर • शुगर • लीपिड • थायराइड • पैरों के नसों • हिमोग्लोबिन • यूरिक एसिड की जाँच • तीन महीने की औसत शुगर की जाँच • ईसीजी, एक्सरे, फिजियोथैरेपी जरूरत पड़ने पर
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें 9755611666, 7611119009
WhatsApp से रजिस्ट्रेशन हेतु: 6260000264
1933, राईट टाउन, प्रेम मंदिर के पास, जबलपुर फोन: 0761- 4031586, 4081586

जमीन/भूखंड बेचना है
नगर निगम कटनी अन्तर्गत झिंझरी (महाराणा प्रताप वार्ड कटनी) में स्थित लगभग 60000 (साठ हजार) वर्गफुट आवासीय जमीन बेचना है। मल्टी भवन निर्माण, गोदाम निर्माण एवं अन्य उपयोग हेतु इच्छुक व्यक्ति जमीन क्रय करने हेतु संपर्क कर सकते हैं।
संपर्क
राजेन्द्र प्रसाद पाठक
मो. 9294612646, 9179108088

TIMES ACADEMY
दसवीं बारहवीं के ओपन स्कूल से फार्म भरें
आर्टस/कामर्स/मैथ्स/बायो
B.sc. मैथ्स/बायो
रेग्यूलर/प्राइवेट करें
पता- डॉ. हरचंदानी के सामने शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी
मो. 9200173627

PRE. REGISTRATION साईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

कांग्रेस पूर्व महापौर प्रत्याशी
रूपचंद 'चीनी चेलानी'
का
भारतीय जनता पार्टी
में
स्वागत
वंदन अभिनंदन
स्वागत जुलूस
दिनांक 2 जुलाई 2022
सायं 4 बजे से
दिलबहार चौक (कटनी स्टेशन), मैन रोड़, सुभाष चौक, सराफा बाजार, शेर चौक, आजाद चौक, मिशन चौक होते हुए माधवनगर कटनी
में भव्य स्वागत के साथ समापन
निवेदक - चीनी चेलानी मित्रमण्डल कटनी

जायसवाल इंटरप्राईजेस
चुनाव प्रचार सामग्री
झंडा • मफलर • टोपी • बिल्ले टी-शर्ट • पेपर लड़ी • बाईक झंडा • डमी ई.वी.एम.
Mob. 9098263208,7000281913
पता- कचहरी चौराहा, MGM Hospital के पास, कटनी

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)